

कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ये सुनिश्चित करना चाहिए था कि बुमराह दूसरे टेस्ट में खेलें, दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है और आप उसे सात दिन के आराम के बाद बाहर बैठा देते हैं, इस पर विश्वास करना बहुत कठिन है। - रवि शास्त्री

पूर्व भारतीय कोच, जसप्रीत बुमराह के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी

### मनोलो मार्केज



भारतीय फुटबॉल टीम के कोच मनोलो मार्केज ने अखिल भारतीय फुटबॉल संघ के साथ आपसी सहमति से पद से इस्तीफा दे दिया है। 13 महीने के अंदर दूसरे कोच ने भारतीय फुटबॉल टीम से नाता तोड़ लिया है। इससे पहले स्टिमैक को राष्ट्रीय संघ ने पिछले साल कोच पद से बर्खास्त किया था।55 वर्षीय मार्केज को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। एआईएफएफ ने उन्हें तीन साल के लिए राष्ट्रीय टीम का कोच बनाया था। हालांकि, अचानक से उन्होंने एआईएफएफ से आपसी सहमति के बाद इस्तीफा दे दिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने पेरिस ओलिंपिक में 6 मेडल जीते थे, अब तक 2 एशियाड, एक कॉमनवेल्थ गेम्स करा चुका है।

## टेस्ट के पहले दिन भारत का स्कोर 310/5

### कप्तान गिल का लगातार दूसरा शतक, जडेजा के साथ नाबाद लौटे

एजबेस्टन, 2 जुलाई। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन में खेला जा रहा है। भारतीय टीम इस मैच में इंग्लैंड से पिछले मैच की हार का बदला लेने के उद्देश्य से उतरी है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। पहले दिन भारत ने पांच विकेट खोकर 310 रन बना लिए हैं। शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरुआती दिन पांच विकेट खोकर 310 रन बना लिए हैं। बुधवार का खेल समाप्त होने तक शुभमन गिल 114 और रवींद्र जडेजा 41 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। दोनों के बीच 99 रनों की साझेदारी हो चुकी है। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन पर खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। भारत की पहली पारी झटके के साथ शुरू हुई। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए।

उन्हें क्रिस वोक्स ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद यशस्वी जायसवाल को करुण नायर का साथ मिला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 80 रनों की साझेदारी हुई। ब्रायडन कार्स ने इस साझेदारी को तोड़ा।





उन्होंने करुण नायर को अपना शिकार बनाया। वह 50 गेंदों में पांच चौके की मदद से 31 रन बनाकर आउट हुएइसके बाद मोर्चा यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने संभाला। दोनों के बीच 66 रनों की साझेदारी हुई। सलामी बल्लेबाज जायसवाल 87 रन बनाकर आउट हो गए। वह अपना शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्हें बेन स्टोक्स ने अपना शिकार बनाया। जायसवाल के बाद गिल को पंत का साथ मिला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए कुछ अच्छे शॉट्स खेले और 47 रन जोड़े, लेकिन शोएब बशीर ने उपकप्तान को अपना शिकार बनाया। वह 42 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए।

## 2036 ओलिंपिक के लिए भारत ने अहमदाबाद का नाम दिया

नई दिल्ली, 2 जुलाई। भारत ने 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी के लिए अहमदाबाद का नाम इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी आईओसी के सामने पेश किया है। मंगलवार को स्विट्जरलैंड के लॉजान में हुई बैठक में केंद्रीय खेल मंत्रालय, गुजरात सरकार और आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा सहित भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आईओसी के सामने अपनी बात रखी।

ये मीटिंग ऐसे वक्त में हुई, जब नई इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल अध्यक्ष कर्सी कोवेन्ट्री ने भविष्य के ओलिंपिक होस्ट बिडिंग प्रोसेस पर रोक लगा दी थी। आईओसी सदस्य चाहते हैं कि मेजबान देश के चुनाव में उनकी भूमिका ज्यादा हो, इसीलिए एक वर्किंग ग्रुप बनाकर नई प्रक्रिया तैयार की जाएगी। 2036 ओलिंपिक की दौड़ में भारत अकेला नहीं है। सऊदी अरब, इंडोनेशिया, तुर्किये (टर्की) और चिली जैसे देश भी मेजबानी की दौड़ में शामिल हैं। पिछले साल दावेदारी पेश की थी पिछले साल एक अक्टूबर को भारत सरकार ने लेटर ऑफ इंटेंट के जरिए आईओसी से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की थी।

### भारत में ओलिंपिक भव्य आयोजन होगाः पीटी ऊषा

आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने कहा, भारत में ओलिंपिक सिर्फ एक भव्य आयोजन नहीं होगा, यह पीढ़ियों तक असर डालने वाला ऐतिहासिक आयोजन होगा।

### अहमदाबाद को क्यों चुना गया?

भारत की तरफ से ओलिंपिक में पहली बार आधिकारिक रूप से किसी शहर का नाम दिया गया है। भारत की ओलिंपिक कमेटी ने कहा, अहमदाबाद में ओलिंपिक आयोजित करने से 60 करोड़ युवा भारतीयों को पहली बार देश में ओलिंपिक देखने का मौका मिलेगा। साथ ही भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देते हुए ओलिंपिक को दुनियाभर के लोगों के लिए एक परिवार जैसा अनुभव बनाया जाएगा। सपने को साकार करने की कोशिश कर रहेः हर्ष संघवी गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, हम आईओसी के साथ मिलकर इस साझा सपने को साकार करने की कोशिश में हैं। आने वाले महीनों में हम एक मजबूत साझेदार बनने के लिए तैयार हैं।

### आईओसी का नया बदलाव

आईओसी की नई अध्यक्ष ने कहा, आईओसी के सदस्यों की मांग थी कि उन्हें चुनाव प्रक्रिया में बड़ी भूमिका दी जाए। इसी वजह से नई मेजबानी नीति पर पुनर्विचार करने के लिए एक वर्किंग ग्रुप बनाया जाएगा। भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। देश ने आखिरी बार 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। इससे पहले भारत में 1982 और 1951 के एशियन गेम्स भी कराए जा चुके हैं।

## वर्कलोड को मैनेज करने के लिए बुमराह को नहीं लिया गया : गिल



एजबेस्टन, 2 जुलाई। भारत और इंग्लैंड टेस्टसीरीज का दूसरा मैच बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर शुरू हो गया है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। भारत ने भारत ने बर्मिंघम टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन में तीन बदलाव किए हैं। धाकड़ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दूसरे टेस्ट में नहीं खेल रहे हैं, जिसका कारण कप्तान शुभमन गिल ने बताया। दरअसल, बुमराह को वर्कलोड मैनेज करने के चलते आराम देने का फैसला किया गया है। उनकी जगह पेसर आकाशदीप को मौका मिला है। बुमराह पांच टेस्ट की सीरीज में केवल तीन मुकाबले खेलेंगे। इंग्लैंड सीरीज में 1-0 से आगे हैं। भारत को लीड्स में पांच विकेट से हार मिली थी। आकाशदीप के अलावा ऑलराउंड नितीश कुमार रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर की प्लेइंग इलेव में एंट्री हुई है। साई सुदर्शन और शार्दुल ठाकुर को बाहर कर दिया गया है। टॉस गंवाने के बाद कप्तान शुभमन ने कहा, हम भी पहले गेंदबाजी करना चाहते थे। अगर विकेट के कुछ है तो पहले दिन ही होगा। टीम में तीन बदलाव हुए हैं। रेड्डी, वॉशिंगटन और आकाशदीप आए हैं। बुमराह नहीं खेल रहे हैं। ये फैसला उनके वर्कलोड को मैनेज करने के लिए लिया गया है हमें अच्छा ब्रेक मिला और ये हमारे लिए एक अहम मैच है। तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में होने के कारण हमें लगता है कि उस पिच में और भी बहुत कुछ होगा, इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे। हमारा कुलदीप यादव को खिलाने का मन था लेकिन बैटिंग में गहराई लाने का फैसला किया गया।

## दूसरे टेस्ट में बाजू पर काली पट्टी बांधे उतरे भारत-इंग्लैंड के खिलाड़ी

एजबेस्टन, 2 जुलाई। भारत और इंग्लैंड दूसरे टेस्ट मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ी बाजू पर काली पट्टी बांधकर उतरे हैं। दोनों टीमों ने इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर वेन लार्किंस के सम्मान में ऐसा किया है, जिनका कुछ दिन पहले निधन हो गया था। 28 जून को लार्किंस 71 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गए थे। बताया गया कि वो बीमारी से जूझ रहे थे। इससे पहले दोनों टीमों ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद लीड्स टेस्ट में भी बाजू परकाली पट्टी बांधकर संवेदना प्रकट की थी।वेन लार्किंस का निधन 28 जून को हुआ था, 1979 और 1991 के बीच उन्हें नेड के नाम से काफी पहचान मिली थी। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 13 टेस्ट और 25 वनडे मैच खेले थे। वो 1979 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में भी खेले थे। जहां उन्होंने नंबर-7 पर बल्लेबाजी की और गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट भी चटकाए थे।

## भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

नॉर्थैंप्टन, 2 जुलाई। कनिष्क चौहान (तीन विकेट/नाबाद 43) के हरफनमौला प्रदर्शन और वैभव सूर्यवंशी (86) की आतिशी पारी की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 33 गेंदे शेष रहते इंग्लैंड को चार विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। 269 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम के लिए कप्तान अभिज्ञान कुंडु और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट अभिज्ञान कुंडु (12) रन के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विहान मल्होत्रा ने वैभव सूर्यवंशी के साथ मोर्चा संभाला। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 31 गेंदों में नौ छक्के और छह चौके लगाते हुए (86) रन बनाये। वैभव के रूप में भारत का जब दूसरा विकेट गिरा स्कोर आठ ओवरो में 111 रन था। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मौलयारजसिंह चावडा बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। विहान मल्होत्रा 34 गेंदों में (46), राहुल कुमार (27) और हरवंश पंगालिया (11) रन बनाकर आउट हुये। कनिष्क चौहान (नाबाद 43) और अमब्रिश (नाबाद 31) शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए भारत को 34.3 ओवर में 274 रन बनाकर चार विकेट से जीत दिला दी।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को 77 रन से हराया

कोलंबो, 2 जुलाई। कप्तान चरित असलंका (106) की शतकीय पारी के बाद वानिंदु हसरंगा (चार विकेट) और कामिंडु मेंडिस ( विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने पहले दिन-रात्रि एकदिवसीय मुकाबले में बुधवार को बंगलादेश को 77 रनों से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

245 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश का पहला विकेट परवेज हुसैन इमॉन (13) के रूप में गिरा। उन्हें ए फर्नांडो ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये नजमुल शान्तो ने तंजिद हसन के साथ दूसरे विकेट के लिए 71रनों की साझेदारी की। 17वें ओवर में नजमुल शान्तों (23) के रनआउट होने से यह साझेदारी टूटी। इसी ओवर में वानिंदु हसरंगा ने लिटन कुमार दास को बिना खातो खोले ही पवेलियन भेज दिया। इसी ओवर में ही हसरंगा ने तंजिद हसन को आउटकर बंगलादेश को बड़ा झटका दिया। तेजिद हसन ने 61 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (62) रनों की पारी खेली।

पांचवें विकेट के रूप में मो. तौहीद हृदोय (एक) को कामिंडु ने बोल्ड आउट किया। 20वें ओवर में हसरंगा ने कप्तान मेहदी हसन मिराज (शून्य) का पगबाधा आउटकर बंगलादेश की कमर तोड़ दी। तंजीम हसन साकिब (1) और तस्कीन अहमद (शून्य) भी कामिंडु का शिकार बने। तनवीर इस्लाम (5) को महीश तीक्षणा ने आउट किया। एक समय बंगलादेश ने 125 के स्कोर पर अपने नौ विकेट गवां दिये थे। ऐसे समय में बल्लेबाजी करने मुस्तफिजुर रहमान ने जाकेर अली के साथ पारी को संभाला। इस दौरान जाकेर अली ने 59 गेंदों में चार चौके और चार छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। 36वें ओवर की पांचवीं हसरंगा ने जाकेर अली (51) के स्कोर पर पगबाधा कर बंगलादेश की पारी का 167 के स्कोर पर अंत कर मुकाबला 77 रनों से जीत लिया। श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने 7.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट लिये। कामिंडु मेंडिस ने पांच ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट झटके। असिता फर्नांडो और महीश तीक्षणा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 29वें ओवर में तनवीर इस्लाम ने कुसल मेंडिस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।



## सोने कार्टल विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंची

लंदन, 2 जुलाई। ब्रिटिश टेनिस स्टार सोने कार्टल ने आज बुल्गारिया की विक्टोरिया टोमोवा पर मात्र 67 मिनट में 6-2, 6-2 से शानदार जीत दर्ज करके लगातार दूसरे साल विंबलडन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। ब्रिटिश नंबर 3, जिन्होंने पहले दौर के रोमांचक तीन सेटों के मुकाबले में 20वीं वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको को हराया था, ने कोर्ट 3 पर शानदार प्रदर्शन किया। वर्तमान में विश्व में 51वें स्थान पर काबिज की 22 वर्षीय खिलाड़ी कार्टल ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा।

## जोकोविच शारीरिक समस्याओं पर काबू पाकर विंबलडन के दूसरे दौर में, ज्वेरेव हारे

लंदन, 2 जुलाई। नोवाक जोकोविच शारीरिक समस्याओं पर काबू पाकर विंबलडन के दूसरे दौर में जानिक सिनर के साथ शामिल हो गए, लेकिन तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को फ्रांसीसी आर्थर रिंडरकनेच ने चौंका दिया।

सात बार के चैंपियन जोकोविच, जो सेमीफाइनल में सिनर से भिड़ सकते थे, ने सेंटर कोर्ट पर फ्रांसीसी अलेक्जेंडर मुलर को 6-1 6-7 (7-9) 6-2 6-2 से हराकर रिकॉर्ड 25वें मेजर खिताब की अपनी नवीनतम खोज शुरू की। सर्बियाई खिलाड़ी तीसरे सेट में शुरुआत में संघर्ष करते दिखे - बाद में उन्होंने पुष्टि की कि पेट में कुछ गड़बड़ थी - लेकिन मेडिकल टाइमआउट के बाद उन्होंने अपनी फॉर्म को फिर से हासिल किया और अंतिम 12 गेम में से 10 गेम जीते। जोकोविच ने कहा, मैं डेढ़ सेट के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ से लगभग 45 मिनट के लिए अपने सबसे खराब दौर में पहुंच गया। यह पेट में दर्द था या नहीं, मुझे नहीं पता। मैंने इससे संघर्ष किया, लेकिन ऊर्जा वापस आ गई और मैं मैच को अच्छे नोट पर समाप्त करने में सफल रहा। जोकोविच ने टूर्नामेंट से पहले कहा कि उनका मानना है कि विंबलडन उनके लिए कार्लोस अल्काराज और जानिक सिनर के वर्चस्व को बाधित करने और अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सबसे अच्छा मौका है।



## 7 अगस्त से जयपुर में शुरू होगा लेजेंजी टी-10 का घमासान

जयपुर, 2 जुलाई। बहुप्रतीक्षित लेजेंजी टी10 लीग का आयोजन 7 अगस्त से 13 अगस्त तक जयपुर के सवाई मानसिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में किया जाएगा। इस लीग का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सितारों और भारत की बेहतरीन लोकल प्रतिभाओं को एक साथ लाना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हर्शल गिब्स, रॉस टेलर, तिलकरत्ने दिलशान, इरफान पठान, यूसुफ पठान और एरोन फिंच छह फ्रेंचाइज़ी टीमों का नेतृत्व करेंगे। यह अपने तरह का पहला टी10 टूर्नामेंट होगा जिसमें वैश्विक अनुभव और स्थानीय जुनून का मेल देखने को मिलेगा।

लीग के चेयरमैन और पूर्व भारतीय तेज़ गेंदबाज़ वेंकटेश प्रसाद ने कहा कि, ''इस लीग को धरातल पर लाने में महीनों की मेहनत और योजना लगी है। कच्ची प्रतिभा को पहचानने से लेकर अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों को जोड़ने तक, लेकिन फिलहाल अब सब कुछ तैयार है। ये 74 भारतीय खिलाड़ी, जो देशभर की गलियों और सड़कों से ट्रायल्स के जरिए चुने गए हैं, अब अपने पसंदीदा क्रिकेटरों के साथ मैदान पर उतरने का सपना साकार करने वाले हैं। कभी जिन्हें वे सिर्फ टीवी पर देखा करते थे, आज वही खिलाड़ी उनके साथी बन चुके हैं। यह बदलाव हमारी टैगलाइन गली से टीवी तक की असली भावना है।

## हेडिंग्ले में दो शतक लगाकर रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंचे पंत



दुबई, 2 जुलाई। हेडिंग्ले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। पंत ने इस टेस्ट में 134 और 118 रनों की पारियां खेली थीं, जिससे रैंकिंग में उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ। हालांकि यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नहीं है। उन्होंने 2022 में टेस्ट रैंकिंग में पांचवां स्थान हासिल किया था।

पंत के अब कुल 801 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग अंक है। हालांकि वह अब भी नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज जो रूट से 88 अंक पीछे हैं। रूट ने हेडिंग्ले में पहली पारी में 28 और दूसरी पारी में नाबाद 53 रन बनाए थे। पिछले मैच में शतक लगाने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज़ बेन डकेट करियर की सर्वश्रेष्ठ 787 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर बने हुए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक लगाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और वह अब शीर्ष-10 में हैं। हेड ने पहली पारी में 59 और दूसरी पारी में 61 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई थी।

हेडिंग्ले में पांच विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जॉश हेजलवुड ने बारबाडोस टेस्ट की दूसरी पारी में 43 रन देकर 5 विकेट झटके थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज के जेडन सील्स ने पहली पारी में 60 रन देकर

## विश्व मुक्केबाजी कप-अस्थाना : मीनाक्षी, पूजा रानी ने भारत के लिए दो पदक सुनिश्चित किये

अस्थाना, 2 जुलाई। मीनाक्षी (48 किग्रा) और पूजा रानी (80 किग्रा) ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में जीत के साथ विश्व मुक्केबाजी कप-अस्थाना, कजाकिस्तान 2025 के तीसरे दिन भारत के लिए दो पदक तय कर दिए। मीनाक्षी ने चीनी ताइपे की गुओ यी-ज़ुआन पर 5:0 की शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की, उन्होंने पूरे मैच में शानदार मूवमेंट और क्लीन स्कोरिंग दिखाई। पूजा रानी ने 80 किग्रा वर्ग में कजाकिस्तान की गुलसाया येरज़ान पर 4:1 के स्प्लिट डिसीजन से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने फाइनल चार में जगह बनाई और पोडियम फिनिश की गारंटी दी। इससे पहले दिन में अनामिका (51 किग्रा) ने तुर्की की आयसेन तस्किन के खिलाफ संयमित प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जिससे भारत की लय बरकरार रही। पुरुषों के ड्रॉ में, जदुमणि सिंह ने एक करीबी मुकाबले में कड़ी टक्कर दी, लेकिन फिलीपींस के जे ब्रायन बारिकुआत्रो से मामूली अंतर से हार गए, जिससे उनका अभियान समाप्त हो गया। तीसरे दिन दो पदक हासिल करने और कई मुक्केबाजों के दावेदार होने के साथ, टीम इंडिया अस्ताना लेग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखे हुए है।



## भारत से बाहर हो सकता है एशिया कप 2025

नई दिल्ली, 2 जुलाई। एशिया कप 2025 की मेजबानी इस बार भारत के पास है। लेकिन एशिया कप होगा या नहीं और इसमें पाकिस्तान खेलेगा या नहीं इस पर स्थिति साफ नहीं हो पा रही है। हालांकि, इस पर अब दो अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बड़े दावे गए हैं। दरअसल, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण एशिया कप पर सस्पेंस बना हुआ है। वहीं एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया कप को लेकर सस्पेंस की स्थिति के कारण से टूर्नामेंट के स्पॉन्सर्स और मीडिया पार्टनर्स की चिंताएं बढ़ी हुई हैं। इसे लेकर एशियन क्रिकेट काउंसिल ने बीसीसीआई को खत लिखा है। दूसरी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टूर्नामेंट 5 सितंबर से भारत से बाहर कराया जा सकता है। 7 सितंबर को चिरप्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत हो सकती है।



## दिया कुमारी द्वारा वूमन प्रीमियर क्रिकेट लीग के पोस्टर का विमोचन

जयपुर, 2 जुलाई। वीरांगना वेलफेयर की ओर से वूमन प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025 का आयोजन 3 से 6 जुलाई तक जय क्लब में किया जाएगा। इसी कड़ी में आज वूमन प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025 का पोस्टर विमोचन उपमुख्यमत्री दिया कुमारी द्वारा निवास स्थान सिविललाईन पर किया। चार दिन के इवेंट में अलग-अलग टीम के साथ 9 मैच होंगे। जीतने वाली टीम को 21000 का इनाम सर्टिफिकेट दिया जायेगा। वीरांगना वेलफेयर की अध्यक्ष सीमा राठौड़ ने बताया कि महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को क्रिकेट की दुनिया में एक मंच प्रदान करने और उनकी प्रतिभा को दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से इस प्रीमियर क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। प्रीमियर लीग जय क्लब के मैदान में आयोजित होगी। जिसकी शुरूआत 3 जुलाई से शाम 6 बजे होगी। इस अवसर पर उपमुख्यमत्री दिया कुमारी ने कहा कि वीरांगना वेलफेयर का यह प्रयास महिला खिलाडियों को खेल की दुनिया में नई पहचान दिलाएगा। साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलेगा, जो कि सराहनीय पहल है।

## जयपुर जिले की सब जूनियर गर्ल्स फुटबॉल टीम के चयन हेतु ट्रायल 6 जुलाई को

जयपुर, 2 जुलाई। राजस्थान फुटबाल संघ सब जूनियर गर्ल्स की स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता उदयपुर में जुलाई माह के अंत तक आयोजित करने जा रहा है। इसमें भाग लेने वाली जयपुर जिले की टीम के चयन हेतु एक ट्रायल का आयोजन आगामी 6 जुलाई (रविवार) को चौगान स्टेडियम, जयपुर में आयोजित की जा रही है। अब्दुल जब्बार ने बताया कि सब जूनियर गर्ल्स प्रतियोगिता के लिए 2012 और 2013 में जन्मे खिलाड़ी और उनका आधार कार्ड जयपुर जिले का है यानी कि वह जयपुर जिले के निवासी हैं वह इस ट्रायल में भाग लेने के लिए पात्र हैं। सभी इच्छुक खिलाड़ियों को रविवार 6 जुलाई (रविवार) को सुबह 7 बजे तक चौगान स्टेडियम के फुटबॉल मैदान पर ट्रायल हेतु रिपोर्ट करनी है। ट्रायल में भाग लेने हेतु सभी इच्छुक खिलाड़ियों को 5 जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें ट्रायल में भाग लेने नहीं दिया जाएगा। संपर्क सूत्र - अब्दुल ज़ब्बार (9928369917), डॉ दिलीप सिंह चुंडावत(9314441705)



## राजस्थान राज्य जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का झुंझुनूं में आगाज

जयपुर, 2 जुलाई। राजस्थान फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में झुंझुनू फुटबॉल एसोसिएशन प्रतियोगिता आयोजित करवा रहा है। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि हर्षिनी कुलहरि जिला अध्यक्ष भाजपा एवं जिला प्रमुख झुंझुनू विशंभर पूनिया, राष्ट्रीय परिषद सदस्य नरेंद्र खीचड़, पूर्व सांसद अजय चाहर, पार्षद नगर पालिका बगड़, दिलीप सिंह शेखावत सचिव राजस्थान फुटबाल संघ, महेंद्र बिजारणिया सचिव जिला फुटबॉल संघ झुंझुनू थे। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि प्रतियोगिता में पहला राउंड लीग प्रारूप रहा। कल लीग के बाकी मैच ओर क्वाटर फाइनल खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच भीलवाड़ा वर्सेस बीकानेर के मध्य खेला गया जिसमें बीकानेर 5-0 से विजय रहा । दूसरा मैच नागौर वर्सेस सीकर के मध्य खेला गया जिसमें 4-1 से नागौर विजय रहा। तीसरा मैच बीकानेर वर्सेस गंगानगर के मध्य खेला गया जिसमें बीकानेर 5-3 से विजेता रहा । चौथा मैच सीकर वर्सेस राजसमंद के मध्य खेला गया जिसमें राजसमंद 2-1 से विजय रहा ।

### राजस्थान की बेटियों ने रचा इतिहास

## प्रथम अंडर-18 यूथ नेशनल कबड्डी चैम्पियनशिप में रजत पदक पर कब्जा

जयपुर, 2 जुलाई। हरिद्वार, उत्तराखंड में 28 जून से 1 जुलाई 2025 तक आयोजित प्रथम अंडर-18 यूथ नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में राजस्थान की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया। इस रोमांचक टूर्नामेंट में राजस्थान की बेटियों ने अपनी प्रतिभा, जज्बे और एकजुटता का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने पूरे देश का ध्यान खींचा। राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत ने बताया कि राजस्थान की टीम ने अपने अभियान की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की।

पहले मैच में केरल की टीम को 71-14 के विशाल अंतर से हराकर टीम ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इसके बाद दूसरे मैच में तेलंगाना को 55-11 और तीसरे मैच में कर्नाटक को 51-28 से मात देकर राजस्थान ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र की मजबूत टीम के खिलाफ राजस्थान ने 52-32 से शानदार जीत हासिल की और सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में तमिलनाडु की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए राजस्थान की बेटियों ने 42-32 से रोमांचक जीत दर्ज की और फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में हरियाणा की मजबूत टीम के खिलाफ कांटे की टक्कर हुई, जहां हरियाणा ने 39-35 से जीत हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हालांकि, राजस्थान की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया।



राजस्थान की इस ऐतिहासिक उपलब्धि में टीम की खिलाड़ियों निकिता, लक्षिता, अक्षिता, पलक, कृष्णा, ज्योति, आईना, मोनिका, खुशबू, मनीषा, मोना, टीना, निर्मला और ज्योति रावत ने अहम भूमिका निभाई। कोच सरजन और मैनेजर कोमल थीं। राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत ने इस शानदार उपलब्धि पर पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, ''हमारी बेटियों ने न केवल राजस्थान का गौरव बढ़ाया है बल्कि यह भी साबित किया है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।